Shri Piyush Goyal inaugurates Bharat Taxi driver onboarding initiative in Mumbai to strengthen urban mobility

The initiative focuses on driver welfare, digital enablement, and expansion of organised urban mobility systems

Mumbai | 23rd April 2026

In a significant step towards strengthening urban mobility and driver livelihoods, Shri Piyush Goyal, Hon'ble Minister of Commerce & Industry and Member of Parliament from Mumbai North, inaugurated a driver onboarding program in Mumbai.

The initiative, held at Kamla Vihar Sports Club, Kandivali West, brought together 200–300 auto rickshaw and cab drivers, transport union representatives, and members of cooperative associations. The program focused on expanding access to structured digital platforms that support driver participation, improve transparency, and enable better earning opportunities.

Addressing the gathering, Shri Goyal highlighted the importance of cooperative and technology-led models in strengthening the mobility ecosystem. He said, *"Bharat Taxi enables drivers to participate as partners, supported by digital tools that can significantly improve transparency, earnings, and dignity of work. Initiatives like this reflect the direction in which India's urban mobility ecosystem is evolving."*

The onboarding drive is part of ongoing efforts to strengthen driver-first mobility systems in major cities. By enabling access to digital tools, such initiatives aim to simplify onboarding processes, enhance operational efficiency, and provide drivers with more consistent access to ride demand.

Mumbai's inclusion reflects the continued expansion of organized mobility networks across urban centers, including Delhi NCR, Gujarat, Chandigarh, and Lucknow. The growing scale of participation indicates rising acceptance of cooperative and platform-based models among drivers and commuters.

Recent operational indicators reflect this momentum:

- Over 5.17 lakh Sarathis (drivers) engaged on the platform
- More than 50 lakh customers on the platform
- Approximately 10 lakh rides facilitated per month across cities

"Mumbai is a high-potential market for us, and we are encouraged by the strong support from the Union of Auto Rickshaw and Cab Drivers. Their positive response has strengthened our confidence as we expand into the city and work towards building a robust driver ecosystem," said Sh. Vivek Pandey, **COO** of **Bharat Taxi.**

This expansion aligns with the vision of Hon'ble Home Minister Shri Amit Shah to see Bharat Taxi operate across all major cities in India over the next three years, marking Mumbai as a key milestone in this national growth roadmap.

The participation of transport unions, including Mumbai's auto rickshaw and taxi drivers, highlights the role of collective platforms in supporting driver welfare and ensuring sustainable urban mobility solutions.

The program underscores the government's continued emphasis on enabling technology-led, inclusive, and cooperative mobility frameworks that address the evolving needs of both drivers and commuters in metropolitan regions.

About Bharat Taxi

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers.

The platform is supported by leading national cooperative institutions, including NCDC, IFFCO, GCMMF (Amul), KRIBHCO, NAFED, NABARD, NDDB, and NCEL.

Inspired by the vision of “Sahakar se Samriddhi," which means shared prosperity through cooperation, Bharat Taxi aims to build a mobility system in which drivers are not just service providers but also partners in the platform they power.

श्री पीयूष गोयल ने मुंबई में ड्राइवर ऑनबोर्डिंग पहल का शुभारंभ किया, शहरी गतिशीलता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

ड्राइवर कल्याण, डिजिटल सशक्तिकरण एवं संगठित शहरी मोबिलिटी के विस्तार पर केंद्रित पहल

मुंबई | 23 अप्रैल 2026

शहरी गतिशीलता और ड्राइवरों की आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा मुंबई उत्तर से सांसद श्री पीयूष गोयल ने मुंबई में ड्राइवर ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम कांदिवली पश्चिम स्थित कमला विहार स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 से 300 ऑटो और कैब चालक (सारथी), परिवहन यूनियन प्रतिनिधि और सहकारी संगठनों के सदस्य शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ड्राइवरों की भागीदारी बढ़ाना, पारदर्शिता लाना और बेहतर आय के अवसर उपलब्ध कराना है।

सभा को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने शहरी परिवहन तंत्र को सुदृढ़ बनाने में सहकारी तथा प्रौद्योगिकी-आधारित मॉडलों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, "भारत टैक्सी ड्राइवरों को साझेदार के रूप में शामिल होने का अवसर प्रदान करती है, जहाँ उन्हें डिजिटल उपकरणों का समर्थन प्राप्त होता है। ये उपकरण पारदर्शिता बढ़ाने, आय में सुधार करने तथा कार्य की गरिमा को सुदृढ़ करने में सहायक हो सकते हैं। इस प्रकार की पहलें उस दिशा को दर्शाती हैं, जिस ओर भारत का शहरी मोबिलिटी तंत्र अग्रसर है।

मुंबई का शामिल होना यह दर्शाता है कि दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरी केंद्रों में संगठित मोबिलिटी नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। बढ़ती भागीदारी का स्तर यह संकेत देता है कि ड्राइवरों और यात्रियों के बीच सहकारी तथा प्लेटफॉर्म-आधारित मॉडलों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है।

परिचालन से जुड़े प्रमुख आंकड़े:

• 5.17 लाख से अधिक ड्राइवर (सारथी) जुड़े हुए हैं,

• 50 लाख से अधिक ग्राहक प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं,

• प्रत्येक माह लगभग 10 लाख राइड्स का संचालन किया जा रहा है।

भारत टैक्सी के सीओओ का कहना है की - "मुंबई हमारे लिए एक उच्च संभावनाओं वाला शहर है। ऑटो रिक्शा और कैब ड्राइवर यूनियन से मिले मजबूत समर्थन ने हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ाया है। यह सहयोग हमें शहर में विस्तार करने और एक सुदृढ़ ड्राइवर इकोसिस्टम बनाने की दिशा में प्रेरित करता है।"

यह विस्तार माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत भारत टैक्सी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में देश के सभी प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इस राष्ट्रीय विकास यात्रा में मुंबई एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में सामने आता है।

मुंबई के ऑटो रिक्शा और कैब ड्राइवरों (सारथी) सहित विभिन्न परिवहन यूनियनों की भागीदारी यह दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ड्राइवरों के हितों की रक्षा तथा बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था विकसित की जा सकती है।

यह कार्यक्रम सरकार के उस सतत प्रयास को रेखांकित करता है, जिसमें तकनीक-आधारित, समावेशी और सहकारी मोबिलिटी ढाँचे को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि महानगरों में ड्राइवरों और यात्रियों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

भारत टैक्सी

भारत टैक्सी (सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड) सारथियों की एक बहु-राज्य सहकारी समिति है, जो निष्पक्ष आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के लिए सम्मानजनक आजीविका के सिद्धांतों पर आधारित है।

इस प्लेटफॉर्म को प्रमुख राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है, जिनमें NCDC, IFFCO, GCMMF (अमूल), KRIBHCO, NAFED, NABARD, NDDB और NCEL शामिल हैं।

“सहकार से समृद्धि” के दृष्टिकोण से प्रेरित, जिसका अर्थ है सहयोग के माध्यम से साझा समृद्धि, भारत टैक्सी का उद्देश्य एक ऐसी मोबिलिटी प्रणाली का निर्माण करना है जिसमें ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता न होकर, बल्कि उस प्लेटफॉर्म के भागीदार भी हों जिसे वे संचालित करते हैं।